कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.in
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
NAAC GRADE-B+ | AISHE CODE- C-21763
दूरभाष – 07722-238833
फैक्स – 07722-237833

दिनांक 18/07/2022

# प्रेस विज्ञप्ति

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में 18 जुलाई 2022 को स्व.श्री बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे व्दारा महाविद्यालय परिसर स्थित स्व.श्री बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.मनदीप खालसा व्दारा भी माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया गया।

कंडेल नहर सत्याग्रह के प्रणेता एवं विख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम कण्डेल के किसानों ने सन 1920 में सत्याग्रह किया था। जो छत्तीसगढ़ के किसानों व्दारा किया जाने वाला प्रथम किसान आंदोलन था। जिसमें किसानों को बड़ी सफलता हासिल हुई थी, जिसके कारण महात्मा गांधी का प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन हुआ था। धमतरी ,कण्डेल ,कुरूद होते हुए रायपुर और रायपुर से नागपुर गए। जहां कांग्रेस के अधिवेशन में असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव भारी बहुमत से पारित हुआ था। जो कण्डेल नहर सत्याग्रह की सफलता का प्रभाव था। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव अंग्रेजी शासन के कट्टर विरोधी थे। स्वयं के खर्च से विद्यालय एवं खादी केन्द्र की स्थापना की थी। लोगों को शिक्षित कर जनजागरण लाने का कार्य किया था। गरीबों ,दीन–दुखियों एवं असहायों के सहयोगी थे, उनकी पीड़ा को समझते थे और उन्हें सहयोग करने के लिए आगे आते थे। स्वतंत्रता आंदोलन में स्व. श्री बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की बड़ी महत्वूपर्ण भूमिका रही है। उनमें सेवा, त्याग और समर्पण की भावना विद्यमान थीा। आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्व. श्री बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्य तिथि पर समस्त महाविद्यालय परिवार सादर नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करता है। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित थे।

प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी (छ.ग.)


GPS Map Camera
BCS
Google
Dhamtari, Chhattisgarh, India
jodhapur 493773, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.708598°
Long 81.529858°
18/07/22 11:50 AM


B.C.S. GOVT. P.G. COLLEGE
DHAMTARI
GPS Map Camera
Nigeria
Google
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG5J+827, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.708395°
Long 81.530033°
18/07/22 11:50 AM


B.C.S. GOVT
HAMTARI
GPS Map Camera
BCS
Google
Dhamtari, Chhattisgarh, India
jodhapur 493773, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.708594°
Long 81.529861°
18/07/22 11:51 AM


B.C.S. GOVT. P.G. COLLEGE
DHAMTARI
B.C.S. GOVT.
HAMTARI
GPS Map Camera
Nigeria
Google
Angol
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG5J+827, Subhash Nagar, Dhamtari,
Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.708395°
Long 81.530033°
18/07/22 11:50 AM